मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः08.03.2025

थाना लालगंज पुलिस द्वारा अवैध ONEREX सीरप की 1166 शीशी के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार, परिवहन में प्रयुक्त वाहन (टाटा मान्जा) बरामद—

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "सोमेन बर्मा" द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में आज दिनांकः 08.02.2025 को थाना लालगंज पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत नैढ़ी कठारी मेन हाइवे रोड़ से एक नफर अभियुक्त अभिषेक सिंह पुत्र लल्लन सिंह निवासी भिखारीपुर थाना कछवां जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया तथा चार पहिया वाहन (टाटा मान्जा) वाहन संख्या UP 65 BG 2808 से 1166 शीशी अवैध ONEREX सीरप बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर मु 0अ0सं0 - 64/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

नाम पता गिरफ्तार इनामियां अभियुक्त —

अभिषेक सिंह पुत्र लल्लन सिंह निवासी भिखारीपुर थाना कछवां जनपद मीरजापुर।

विवरण बरामदगी—

1166 शीशी अवैध ONEREX सीरप

चार पहिया वाहन (टाटा मान्जा) वाहन संख्या UP 65 BG 2808

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0 - 64/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह थानाध्यक्ष थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।

उप निरीक्षक राधेश्याम, उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार दूबे मय पुलिस टीम थाना कछवां मीरजापुर।